मानव संग्रहालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

भोपाल।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा 9 से 13 जून तक आयोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण में ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर के 26 प्रशिक्षु जिला कल्याण अधिकारी (एडीडब्ल्यूओ) ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जनजातीय विकास, सामाजिक न्याय तथा प्रशासनिक दक्षता के विविध पहलुओं पर गहन समझ प्रदान करना था। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण का संक्षिप्त विवरण कार्यक्रम संयोजक डॉ. सूर्य कुमार पांडे द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रशिक्षुओं ने विविध विषयों पर आधारित सत्रों, व्यावहारिक प्रशिक्षणों तथा शैक्षणिक भ्रमणों का लाभ उठाया। प्रो. राका आर्या ने जेंडर इशूज इन डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल लैंगिक समानता पर चर्चा पर्याप्त नहीं है, बल्कि लैंगिक क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। द्वितीय सत्र का संचालन प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. विक्रांत तोमर ने किया। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी को जनसामान्य का सारथी बनना चाहिए यानी केवल आदेश देने वाला नहीं, बल्कि समझने और सुनने वाला नेतृत्वकर्ता। उन्होंने प्रशिक्षुओं को तनाव प्रबंधन के सरल और प्रभावशाली उपाय बताए।

शैक्षणिक भ्रमण

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं ने न केवल संग्रहालय के विविध स्थायी प्रदर्शनों का अवलोकन किया, बल्कि मध्यप्रदेश की प्रमुख सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया। इनमें भीमबेटका की प्रागैतिहासिक गुफाएँ, भोजपुर मंदिर, उज्जैन के धार्मिक स्थल, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा साँची स्तूप शामिल रहे।

समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण

समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने समापन संबोधन देते हुए प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में उपयोग करें और समाज के सबसे वंचित वर्गों के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

तनाएरा साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी छूट

भोपाल। टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 930 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरूआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी-ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रूझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है, जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज़ साड़ियों, रैडी-टू-वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है। देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है।

मिट्टी से प्राणियों के मॉडल बनाने की कार्यशाला

भोपाल।

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय ने ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम हरित शावक के प्रतिभागियों के लिए 13 जून को मिट्टी से प्राणियों के मॉडल बनाने की कार्यशाला एवं ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम हरित किशोर के प्रतिभागियों के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की प्रयोगशालाओं का अध्ययन भ्रमण का आयोजन किया।

मिट्टी से प्राणियों के मॉडल बनाने की कार्यशाला के दौरान संग्रहालय के मूर्तिकार अरविंद अनुपम ने प्रतिभागियों को मिट्टी सहयता से तोते का रिलीफ़ मॉडल और कछुए का थ्री डी मॉडल बनाना सिखाया। साथ ही बताया कि मॉडल बनाने के लिए तालाब की मिट्टी को लेकर, उसे अच्छी तरह बारीक करने के बाद उसमें उपस्थित मिट्टी के अतिरिक्त हर चीज़ को छानकर अलग कर देना चाहिए। उस मिट्टी से उचित मात्रा में रेत तथा पानी मिलते हुए गूँथने के पश्चात ही मॉडल बनाने के लिए उसका उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक मानिक लाल गुप्त ने बताया कि किस तरीके से तोते और कछुए पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, तोते फल खाकर और बीज को फैलाकर वृक्षारोपण में मदद करते हैं, जिससे पौधों की वृद्धि होती है, जबकि कछुए गिरे हुए पत्तों और जैविक पदार्थों को खाकर सफाईकर्मी की तरह कार्य करते हैं।

हरित किशोर के प्रतिभागियों के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की प्रयोगशालाओं का अध्ययन भ्रमण आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की डॉ. रानू वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक, रामेश्वर बंदेवार, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक, श्रीमती रश्मि ठाकुर और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, जगजीवन राम ने प्रतिभागियों को वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंत में उन्होंने डाई क्लोरो मीथेन के माध्यम से कम्पोस्टेबल प्लास्टिक और अन्य प्लास्टिक की पहचान करने की प्रक्रिया को भी प्रदर्शित किया।

एक्सिस बैंक ने नागरिकों को किया एकजुट

भोपाल। भारत में निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने पर्यावरण जागरूकता पर लोगों को जोड़ने के निरंतर प्रयास के अंग के रूप में, भोपाल में कई जगहों पर 'ओपन फॉर द प्लैनेट' बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट (कचरे से सर्वश्रेष्ठ) कार्यशालाओं का आयोजन किया। भोपाल नगर निगम और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ), मान के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत आवासीय समुदायों (रेजिडेंशियल कम्युनिटी) को प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने और पर्यावरण अनुकूल आदतों को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक बनाया गया। इस कार्यशाला में 200 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जो प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को पुन: उपयोग करने की कला सीखने के लिए उत्सुक थे। इन सत्रों ने न केवल पर्यावरण अनुकूल सोच को प्रोत्साहित किया, बल्कि रोज़मर्रा के उपयोग की सामग्रियों को कम करने, उनके पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण के व्यावहारिक तरीकों को प्रदर्शित कर संयुक्त राष्ट्र के विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं (बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन) पर भी बल दिया।

एक्सिस मैक्स लाइफ अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी

भोपाल। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने महत्वाकांक्षी इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट (आईपीक्यू) अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी करने की घोषणा की है। 25 भारतीय शहरों में करीब 6,360 परिवारों से मिलकर किए गए आईपीक्यू 7.0 से वंचित समुदायों, विशेष रूप से एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय और कामकाजी महिलाओं के बीच भविष्य की वित्तीय तैयारियों को लेकर बड़ी कमी सामने आई है।

एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, आईपीक्यू 7.0 से मिले नतीजों ने वंचित समुदायों के बीच वित्तीय सुरक्षा में असमानता की तस्वीर सामने रखी है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट मात्र 35 और महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर है, जो दिखाता है कि सिर्फ चाहने से तैयारियां मजबूत नहीं हो जाती हैं। इस अंतर को भरने के लिए उद्योग को भरोसा कायम करने, टार्गेटेड तरीके से जागरूकता लाने और पहुंच बढ़ाने पर फोकस करना होगा।

जल्द लॉन्च होने वाला है आईकू ज़ेड10 लाइट 5जी

भोपाल। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू, 18 जून को अपना नया फ़ोन आईकू ज़ेड10 लाइट 5जी लॉन्च करने जा रहा है। यह फ़ोन खासतौर पर स्टूडेंट्स और ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है जिनकी लाइफस्टाइल काफी ऐक्टिव है। आईकू ज़ेड10 लाइट आपके रोज़मर्रा के कामों को आसानी से संभाल सकता है चाहे वह ऑनलाइन क्लास अटेंड करना हो, दोस्तों और परिवार से जुड़े रहना, वीडियो देखना, रील्स स्क्रॉल करना, चलते-फिरते गेम खेलना या फिर एक साथ कई ऐप्स का इस्तेमाल करना। इसमें मिलती है लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और तेज़ 5जी कनेक्टिविटी, ताकि आप दिनभर बिना किसी रुकावट के पढ़ाई और एंटरटेनमेंट का मज़ा ले सकें।

उपभोक्ताओं को सांची दूध उपलब्ध कराने एडवांस कार्ड योजना की शुरुआत

भोपाल।

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जो मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध है, द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त दूध सुलभ एवं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने हेतु एडवांस कार्ड योजना की शुरुआत की गई है।

इस अवसर पर महासंघ के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी एवं भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने शाहपुरा स्थित मनीषा सांची पार्लर पर उपभोक्ताओं को एडवांस कार्ड प्रदान कर योजना का औपचारिक शुभारंभ किया। योजना के तहत उपभोक्ताओं को सांची ब्रांड के तरल दूध पर रु. 0.50 प्रति लीटर की छूट दी जाएगी, जो प्रतिदिन अधिकतम 3 लीटर तक लागू होगी।

यह पहल खासतौर पर शहरी कार्यरत उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और गृहस्थ परिवारों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जो नियमित रूप से शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त दूध की आवश्यकता रखते हैं। डॉ. गोवाणी ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि सांची न केवल गुणवत्ता का प्रतीक है, बल्कि उपभोक्ताओं की आर्थिक सुविधा का भी ध्यान रखता है। उन्होंने कहा कि भोपाल दुग्ध संघ द्वारा यह पहल उपभोक्ता केंद्रित दृष्टिकोण की एक उत्कृष्ट मिसाल है, जिससे सांची ब्रांड के प्रति लोगों का विश्वास और सुदृढ़ होगा। श्री जोशी ने बताया कि उपभोक्ता हर माह की 16 तारीख से लेकर आगामी माह की 15 तारीख तक नजदीकी सांची पार्लरों पर जाकर एडवांस कार्ड बनवा सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपभोक्ता 16 जून को कार्ड बनवाता है, तो वह छूट का लाभ 15 जुलाई तक उठा सकता है।

अनकही कहानियों को धातु और यादों से उकेरने वाली मूर्तिकला प्रदर्शनी

भोपाल। ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में ज़ात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीज़ों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई तक स्टडी यूके क्रिएटिव कनेक्शन्स-2 के हिस्से के रूप में चलेगी। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है।

सूडोकु नवताल 7452

✱☆☆☆☆ सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल 7451 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7131



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 7130 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8519



बाएँ से दाएँ

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

ऊपर से नीचे

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2

शब्द पहेली -8518 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6949



बायें से दायें:-

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१६ रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२.फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6948

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-7058

1	3		4	5	7	
	25	7	32		36	
	2		6	3		4
3	31	6	32		33	
	5			1		7
5	37	5	31		30	
	5		3	2	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7057 का हल

4	3	2	7	6	1	5
5	33	7	35	1	28	3
1	6	5	4	3	7	2
2	35	3	35	7	32	6
7	5	6	3	4	2	1
6	33	1	31	5	30	4
3	1	4	6	2	5	7

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल- 8058

ख	न	र	कु	डु	प्ली	के	ट	ला	नी	क
ज	या	फु	ज	इं	ग्रे	ने	ह	क	गु	प
फ	दौ	आ	ट	म	न	इ	दो	न	ना	म
च	र	रा	मा	पा	ल	स	रा	प	ह	ह
स	म	बा	ज	त	त	उ	हें	ख	री	म
डै	जे	ज	र	नी	द	ला	म	ल	ड़	द
डी	मा	दे	ख्म	व	बा	स	म	पी	ख	स्त
र	दे	श	बा	र	प	र	थ	ड़	भ	क
म	दि	ल	क	ले	दा	र	ल	क	थ	थ
क्षि	ज	ति	त	हि	द	ह	मा	ह	ल	है
ते	रा	जा	क	दि	प	ने	सा	थी	स	म

शब्दजाल में महेश भट्ट निर्देशित १० फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

फुटपात, राज, जख्म, डुप्लीकेट, दो राहें, दस्तक, गुनाह, साथी, हैंडी, नया दौर,

शब्दजाल - 8057 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore